Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 13-06-2023 | अंक 593

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### भीषण गर्मी में बिजली की कटौती से लोग परेशान : रोहित यादव



**अपेम लाइव : बरही**

सूरज की तपिश अपने चरम पर है। लोग गर्मी के मारे बेहाल हो रहे है। इसी बीच रही सही कसर बिजली विभाग भी पूरा कर देता है। बिजली की आंख मिचौनी चलती रहती है। वहीं बिजली की समस्या को देखते हुए खोड़ाहर पंचायत के उपमुखिया रोहित यादव ने बताया की इन दिनों रात हो या दिन कभी भी बिजली लंबे समय तक बिजली नही टिक पाती है। इस भारी गर्मी में बिजली नही मिलने के कारण लोग परेशान हो रहे है। ग्रामीण समझ नही पा रहे है की आखिकार ऐसी भीषण गर्मी बिना बिजली के कैसे काटी जाए। उन्हा.ने कहा की बिजली नही होने के कारण गांव देहात में रात के अंधेते में हमेशा बिच्छू और सर्पदंश का भय बना रहता है। साथ ही उन्होंने कहा की बिजली नही होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र के छात्र अपनी पढ़ाई नही कर पा रहे है।

### पेड़ से गिरकर 12 वर्षीय पंकज हुआ घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत रसोइया धमना निवासी कुलदीप प्रजापति के 12 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार जामुन पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंकज कुमार का दोनों पैर टूट गया है। ग्रामीणों के सहयोग से पंकज को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### आवारा कुत्ता के काटने से एक घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत रसोइया धमना निवासी कुलदीप प्रजापति के 12 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार जामुन पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंकज कुमार का एक पैर और एक हाथ टूट गया है। ग्रामीणों के सहयोग से पंकज को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### विवादित भूमि का सीमांकन करने के निर्देश

**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : बरवाडीह के ग्राम कुटमु में दो पक्षो के बीच वर्षो से चल रहा भूमि विवाद अंततः थाना पंहुच गया। दोनों पक्षो जयप्रकाश रजक और जयप्रकाश बैठा को थाना प्रभारी श्री निवास सिंह ने जरूरी के कागजातों से साथ थाना बुलाया और कगजत देखने के बाद दोनों को अंचल अमीन से विवादित भूमि का सीमांकन कराने का निर्देश दिया।

### मंगरा में डेढ़ साल से सात सोलर जलमीनार खराब

**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : बरवाडीह के मंगरा पंचायत में पेयजल विभाग से निर्मित सात सोलर जलमीनार करीब डेढ़ साल से खराब पडा है। जलमीनार की मरम्मती नही होने से ग्रामीणों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। मंगरा पंचायत के विवेक कुमार सिंह ने बताया कि मंगरा में तीन, अमड़िहा में दो, कल्याणपुर और डोरामी एक एक सोलर जल मीनार खराब है। जिसके चलते जल संकट से लोग परेशान है।इस कारण लोगो मे अधिकारियों के प्रति काफी आक्रोश देखी जा रही है।

APEM LIVE

## बरही : सुबह में हटा अतिक्रमण शाम में फिर से कब्जा





अतिक्रमण हटाते थाना प्रभारी रोहित सिंह



शाम 4 बजे की तस्वीर

**अपेम लाइवः बरही**

बरही चौक एवं चारों मुख्य मार्गो में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण को देखते हुए बरही थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह के नेतृत्व में अतिक्रमण चारों मार्गों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। लेकिन बरही चौक एवं सड़को को अतिक्रमण मुक्त रखने की कवायद हर बार की तरह इस बार भी फेल दिख रही है। बरही चौक सहित चारों मुख्य मार्गो में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तीन - चार घंटे भी नही गुजरे की सड़क पर फिर से दुकानें सज गई। अतिक्रमण हटाने के लिए बरही थाना प्रभारी रोहित सिंह सहित दर्जनों की संख्या में पुलिस बल बरही चौक से अभियान शुरूआत की। जिसके बाद बरही चौक सहित चारों मुख्य मार्गो को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। जिसके कारण सड़क किनारे ठेला लगाकर फल एवं सब्जी विक्रेता के बीच हड़कंप मचा रहा। वहीं सभी विक्रेता जो रोड के किनारे सब्जी फैलाकर रखते थे प्रशासन को देखते ही फटाफट समान दुकान में रखने लगे। यह सिलसला लगभग एक घंटा तक जारी रहा। प्रशासन ने अतिक्रमण हटा तो दिया लेकिन 3 - 4 घंटा बीत जाने के बाद विभिन्न स्थानों पर पुनः अतिक्रमण जैसी स्थिति बनी हुई थी। जगह - जगह सब्जी एवं फल विक्रेता दुकान व ठेला लगाकर समान बेच रहे थे।

**अतिक्रमण के कारण होती है जाम की स्थिति**

बरही चौक पर प्रतिदिन सुबह शाम हजारों लोगों का आना जाना लगा रहता है। उस स्थान पर स्थानीय दुकानदार व सब्जी एवं फल विक्रेता के द्वारा अतिक्रमण किए जाने के कारण सड़कें संकीर्ण हो गई है। जिसके कारण लोगों को पैदल चलने में भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं सुबह शाम बरही चौक पर जाम की स्थिति बनी रहती है। जिसके कारण छोटे एवं दुपहिया वाहन रेंगते हुए नजर आते है

## 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर के तापमान के संपर्क में आने पर बढ़ता है लू लगने की खतरा : डॉ अनिल

### अपेम चीफ एडवाइजर ने जारी की लू से बचने की एडवाइजरी, बताई लू के लक्षण, बचाव एवं उपचार

**अपेम लाइवः बरही**

बरही में इन दिनों तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर है। 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर होना और उसके संपर्क में आने से लू की खतरा बढ़ जाती है। ऐसे में इस भयंकर गर्मी में लू को समझना और उससे बचे रहना काफी जरूरी है। यदि लू लगने के बाद उसके बचाव एवं सही उपचार नहीं किया गया तो यह स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है। उक्त सलाह अपेम वेलफेयर फाउंडेशन के चीफ एडवाइजर एवं जाने माने चिकित्सक सर्जन डॉ अनिल कुमार ने कही है। उन्होंने अपेम वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से बढ़ती गर्मी, लू, लू के लक्षण एवं उसके उपचार के लिए एक आम एडवाइजरी जारी की है।

**लू कैसे लगता है और क्या लक्षण है :** डॉ अनिल कुमार ने बताया की जब एक सामान्य व्यक्ति 40 डिग्री सेल्सियस तापमान से ऊपर के संपर्क में आता है और उसकी शरीर में पूर्व के शारीरिक स्थिति में परिवर्तन होने लगता है। लू लगने पर शरीर अचानक तापमान बढ़ जाता है। बुखार आने लगती है। जी मिचलने लगता है। उल्टी आने लगती है। त्वचा सुखा होना, हाथ पैर दर्द करना, गर्म एवं लाल होना, चक्कर एवं बेहोसी होना आदि लू लगने की लक्षण है।



डॉ अनिल कुमार

**लू के बचाव एवं उपचार :** डॉ अनिल कुमार ने अपने एडवाइजरी के माध्यम से लू लगने के बाद उसका उपचार और लू नही लगे उसके लिए बरती जाने वाली सावधानियों से संबंधित भी परामर्श दिए है। जिसके अनुसार उन्होंने बताया की दोपहर 11बजे से 3 बजे के बीच सूर्य की रोशनी से बचनी चाहिए। प्रयास करें की धूप में बाहर बहुत ही कम निकले। यदि निकलना जरूरी हो तो सिर पर कपड़ा जरूर डालें। ताकि सूर्य की रोशनी की प्रभाव कम पड़े। इसके बाद भी यदि लू लग जाए तो लू लगने पर उपयोगी आहार में तरल पदार्थो का सेवन करना चाहिए। नारियल पानी, ठंडा दूध, ठंडी सब्जियां, खीर, दही आदि को अपने आहार में शामिल कर सकते हैं। साथ ही खाने में खट्टे फल जैसे अमरूद, आम, टमाटर, लीची आदि भी शामिल कर सकते हैं। स्पाइसी और तले हुए भोजन से बचें और धूम्रपान एवं शराब का सेवन ना करें। इसके साथ ही लू लगने पर ज्यादा परेशानी महसूस हो तो चिकित्सक जरूर सलाह लें।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## पेयजल की किल्लत से परेशान दर्जनो लोग पहुंचे प्रखंड कार्यालय, जनता दरबार में दिया आवेदन

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : महुआडांड प्रखंड अंतर्गत अंम्वाटोली पंचायत के गुरगुटोली बस्ती में पेयजल संकट गहरा गया है। पड़ रहें भीषण गर्मी मे इस बस्ती के लगभग 40 घरों के परिवार पीने के पानी को लेकर परेशान है। पेयजल समस्या के निदान को लेकर मंगलवार को लगभग एक दर्जन अधिक महिला पुरूष प्रखंड सह अंचल कार्यालय महुआडांड़ पहुंचे थे। जहां लोगों के द्वारा कार्यालय में लगे जनता दरबार में इस समस्या के निदान के लिए आवेदन भी दिया गया।प्रखंड कार्यालय पहुंचे विजिदूल खान, नैबून निशा, हिना बीबी, सुनिता नगेसिया, बिदू खलखो, सिलबिया लकड़ा ने बताया कि हमारे बस्ती में एक भी चापाकल नही है। 40 घर के लोग पीने का पानी लाने के लिए 500 मीटर दूर पास के बस्ती में जाते है। लेकिन उस चापाकल का भी भूमिगत जलस्रोत काफी नीचे चला गया है।आधा घंटा चापाकल का हैंडल मारने के बाद मुश्किल से एक बाल्टी पानी निकलता है।चापाकल में इतनी भीड़ इकट्ठा होती है कि पानी भरने को लेकर आपसी विवाद की नौबत आ जाती है। मुन्तजिर अहमद ने कहा कि नल जल योजना अंतर्गत पूरे अंमवाटोली पंचायत में नया चापाकल बोरिंग खोदकर सोलर सिस्टम वाला जलमीनार लगाया जा रहा है। लेकिन हमारे बस्ती में एक भी जलमीनार नहीं दिया गया। यह बस्ती के साथ भेदभाव नही तो क्या है। जनता दरबार में आवेदन स्वीकार करते हुए, प्रखंड के प्रधान सहायक सुरेन्द्र बिरिजिया ने कहा कि आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं उपायुक्त तक पहुंचाई जाएगी एवं जल्द आपकी समस्या का निदान करने कोशिश कि जायेगी।

## कुंदन विमेंस क्रिकेट ने बरही बीएसए महिला टीम को हराया, पाखी कुमारी बनी मैन ऑफ द मैच

**अपेम लाइव : बरही**




बरही प्रखंड मैदान में सोमवार से चल रहे शारदा देवी मेमोरियल अंडर 16 का दूसरा मैच कुंदन विमेंस क्रिकेट क्लब कुमरडूबी बनाम बरही बीएसए विमेंस के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कुंदन क्लब की टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 140 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी बरही बीएसए विमेंस की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर मात्र 123 रन ही बना सकी। इस मैच में कुंदन क्रिकेट क्लब की और से 62 रन बनाने वाली खिलाड़ी पाखी कुमारी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं इस मैच में निर्णायक की भूमिका सोनी कुमारी एवं सुजल कुमार और स्कोरर की भूमिका सोनी कुमारी यादव ने निभाई। मौके पर मुख्य रूप से धर्मपाल केशरी, कुंदन कुमार, दिवेश चौरसिया, संतोष शर्मा, बसंत ठाकुर, अर्णव चौरसिया, सुजल कुमार एवं ऋतिक कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे।

## दिव्यांगों के बीच किया गया ट्राईसाइकिल का वितरण

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : जिले के चंदवा प्रखंड के अंतर्गत आने वाले बनहरदी कोयला खनन क्षेत्र के आसपास रहने वाले दिव्यांगों के बीच मंगलवार को ट्राईसाइकिल का वितरण चंदवा बीडीओ विजय कुमार की अध्यक्षता में बनहरदी कोयला खनन परियोजना के कुल 17 दिव्यांगो के बीच ट्राईसाइकिलों का वितरण किया गया।इस अवसर पर बीडीओ विजय कुमार ने बनहरदी कोयला ब्ल०क क्षेत्र और उसके आसपास रहने वाले लोगों के लाभ के लिए पीवीयूएनएल द्वारा किए गए इस काम और विशेष प्रयासों की सराहना की।इस कार्यक्रम में एके मिश्रा, उप-प्रमुख चंदवा, राजीव रंजन, एजीएम, बनहरदी कोयला खनन परियोजना, आईसीडीएस के अधिकारी और पर्यवेक्षक और पीवीयूएनएल-बनहरडीह कोयला खनन परियोजना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने की पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में पेयजल आपूर्ति से सं. बंधित कार्य, पेयजल स्रोतों की स्थिति, चापाकलों की स्थिति, चापाकलों की मरम्मति इत्यादि से संबंधित विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्य की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के तहत जिले अंतर्गत प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित करें। साथ ही कार्य के प्रगति के रिपोर्ट के साथ कार्य का गुणवत्ता फोटोग्राफ संलग्न करने का निर्देश दिया गया.बैठक में पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता , जल जीवन मिशन के समन्वयक , कनीय अभियंता आदि उपस्थित थे।

## जतघघरा में दीक्षा हाई स्कूल का उदघाटन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**




बरकट्ठा प्रखंड़ क्षेत्र के जतघघरा में दीक्षा हाई स्कूल का विधिवत उदघाटन पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने फीता काटकर किए। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने स्कल संचालक पिंटू कुमार औऱ प्रिंसीपल मुकेश कुमार को सुदूरवर्ती क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने के लिए बहुत बहुत शुभकामनाएं दिए हैं उन्होंने ने कहा कि आने वाले दिनों में यह विद्यालय परिवार अपने निर्धारित लक्ष्य को पूरा करेगी। मौके पर स्थानीय पंचायत समिति सदस्य मनोज कुमार यादव, मुखिया प्रतिनिधि सतड़िहा सुरेश यादव, समाजसेवी विजय यादव, महेश यादव, वीनोद यादव, अरुण यादव, संतोष यादव, मुकेश कुमार सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## राजसात जप्त वाहनों की नीलामी संपन्न 24 लाख,65 हजार में हुई हाइवा की नीलामी

**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : उपायुक्त के निर्देश के आलोक में राजसात वाहनों की नीलामी को लेकर खनन विभाग द्वारा निकाली गई निविदा की नीलामी मंगलवार को समहारणालय सभागार में अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई एवं विभाग के द्वारा निर्धारित राशि के एवज में नीलामी में की गयी। नीलामी में जे के मिनरल्स एंड डेवलपर्स कंपनी,संदीप कुमार कनौडिया एवं अभय कुमार सिंह आदि संवेदको ने भाग लिया। संवेदको द्वारा 22 लाख से बोली आरंभ की गई। जिसके बाद संवेदक जे के मिनरल्स एंड डेवलपर्स कंपनी ने 24 लाख, 65 हजार की अधि. कतम बोली लगाकर राजसात हाइवा वाहन निबंधन संख्या जेएच04टी-2862 की खरीददारी की। नीलामी की राशि संवेदको को दस दिनों के अंदर विभाग में जमा करवाना होगा। नीलामी में उपायुक्त द्वारा गठित समिति के सदस्य समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## एनटीपीसी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले परीक्षार्थियों को सम्मानित किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**



बड़कागांव : एनटीपीसी पकरी बरवाडीह द्वारा संचालित कोचिंग सेंटर रंग ला रही है। बड़कागांव प्रखंड के जुगरा गांव में स्थित कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जैक बोर्ड द्वारा जारी रिजल्ट में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। इस कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले दसवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से पास कर एक नया कीर्तिमान रचा है। 88.40% के साथ गौरव कुमार कोचिंग संस्थान में प्रथम स्थान पर रहे, वहीं सुजीत कुमार 85.40% के साथ में दूसरे स्थान पर रहे जबकि अर्जुन कुमार 85% हासिल कर तीसरे स्थान पर रहे। कुल 19 छात्र-छात्राओं ने दसवीं की परीक्षा दी और सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इस सफलता पर कोचिंग सेंटर के संचालक श्री रामदुलार साव ने एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना को धन्यवाद दिया और बच्चों को सफलता पर बधाई दी। पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के नैगम सामाजिक दायित्व और आर एण्ड आर विभाग के उपमहाप्रबंधक श्री अजीत कुमार एवं संजीत कुमार सेनापति तथा वरिष्ठ प्रबंधक कमलाराम रजक ने के सफलता पर ख़ुशी जाहिर की और बच्चों को बधाई दी साथ ही अधिकारियों ने यह भी कहा कि एनटीपीसी आगे भी संस्थान को मदद करता रहेगा।

## 20 कनीय अभियंताओं का तबादला

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : डीसी भोर सिंह यादव ने जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के 20 तकनीकी सहायकों का तबादला किया है। प्रशासनिक दृष्टिकोण एवं कार्य की महता को देखते हुए इन तकनीकी सहायकों (कनीय अभियंता समकक्ष) का सामुहिक तबादला किया गया है। डीसी ने 3 दिनों के अंदर अपना संपूर्ण प्रभार देकर नव पदस्थापना प्रखंड में योगदान देने का निर्देश दिया है। इनमें बाबूलाल उरांव को लातेहार से बालूमाथ,राशिद को लातेहार से बालूमाथ,संदीप कुमार को लातेहार से बरवाडीह,मुनेश्वर उरांव को लातेहार से मनिका,नरेश प्रजापति को चंदवा से हेरहंज,शिव मोहन उरांव को चंदवा से बरवाडीह,विवेक कुमार को चंदवा से सरयू ,अजय उरांव को बालूमाथ से मनिका,संजय कुमार को बालूमाथ से चंदवा,प्रभात उरांव को बारियातू से चंदवा,संदीप कुमार भगत को बारियातू से चंदवा,अभिषेक कुमार अंबेडकर को हेरहंज से मनिका,सनी कुमार सिंह को मनिका से महुआडांड़,अविनाश मिंज को मनिका से बारियातू,प्रभात सरोज को मनिका से महुआडांड़, आलोक उरांव को बरवाडीह से लातेहार, भरत पाल टोप्पो को बरवाडीह से गारू,संजय कुमार को बरवाडीह से लातेहार,निर्मल कुमार मोदी को गारू से लातेहार एवं आशीष कुमार को महुआडांड़ से बारियातू तबादला किया गया।




## 9 करोड़ की विकास योजनाओं का विधायक ने शिलान्यास किया





**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

बरकट्ठा प्रखण्ड क्षेत्र में लगभग 9 करोड़ की लागत के दो अलग अलग विकास योजनाओं का शिलान्यास मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने किया प्रथम शिलान्यास कार्यक्रम लगभग एक करोड़ की लागत से राजकीय मध्य विद्यालय बरकट्ठा में भवन उन्नयन व सुंदरीकरण योजना का शिलान्यास किया गया वही दूसरी योजना लगभग 8 करोड़ की लागत से झुरझुरी पंचायत में जल नल योजना का शिलान्यास विधायक अमित कुमार यादव ने किया कार्यक्रम का संचालन शिक्षक यमुना साव ने किया वही अतिथियों का स्वागत प्रधानाध्यापक रामकिसुन महतो ने किया अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने कहा हमारा उद्देश्य है ग्रामीणों को विकास योजनाओं से कैसे जोड़ा जाए इसके लिए पूरे विधानसभा क्षेत्र में लगभग 50 स्कूलों में उन्नयन व सुंदरीकरण कार्य हो रहे है आम नागरिकों को तराशने का काम विद्यालय करती है इसके लिए हम 24 घण्टे तत्तपर रहते है वही जल नल योजनाओं का बरकट्ठा विधानसभा में जाल बिछ रहा है जिससे हर घर जो नल के सहारे जल मुहैया कराई जा सके । कार्यक्रम में शिक्षकों ने एक स्वर से विद्यालयो में हो रहे विकास कार्यो पर विधायक की भूमिका की सराहना की ।मौके पर संवेदक रामचंद्र यादव ने कहा हम अपने कार्यो को ससमय व गुणवत्ता पूर्ण पूरा करेंगे । कार्यक्रम में झुरझुरी मुखिया सुमन कुमार भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष बिनोद साव, प्रधानाचार्य रामकिसुन महतो, संजय गुप्ता, रीतलाल प्रसाद, सेवानिवृत्त शिक्षक मधुसूदन प्रसाद, मुरलीधर प्रसाद,अजप्ता प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, सहायक अध्यापक संघ सचिव सुकर ठाकुर, अमृत रजवार, राजेन्द्र यादव, कलावती देवी, बाबुलाल, त्रिलोकी प्रसाद,हरिहर दास,विजय यादव, तुलसी पंडित, इन्द्र देव साव, प्रकाश तुरी, कुलदीप यादव,मधुलाल यादव, राघवेन्द्र लाल, मनोज राम, दिलीप कुमार, सावित्री देवी, मनीषा कुमारी,हिरालाल प्रसाद, इन्द्रदेव यादव, बंशी यादव,गुडन साव, विनोद प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, छोटीलाल प्रसाद समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

## बड़कागांव मध्य पंचायत मुखिया ने 25 चापाकलों को मरम्मत कराया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**



बड़कागांव : प्रखंड के बड़कागांव मध्य पंचायत मे पानी की समस्या को दूर करने के लिए 25 चापाकलों मुखिया फंड से मुखिया मोहम्मद तकरीमुला खान,वार्ड सदस्य प्रतिनिधि संजय कुमार रवि के नेतृत्व में खराब चापाकल को मरम्मत कराया गया है। मुखिया ने बताया कि मध्य पंचायत में पानी की समस्या के कारण लोगों को खाना बनाने ,स्नान करने , कपड़ा धोने मे परेशानी हो रही थी। समस्या को गंभीरता से लेते हुए खराब पड़े चापाकल को मरम्मत कराया गया है ताकि ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना नहीं पड़े। आदर्श मध्य विद्यालय में 2 चापाकल,अंबेडकर मोहल्ला में दशरथ राम के घर के पास एक चापाकल, टिकन भुइया के घर के पास एक चापाकल, ठाकुर मोहल्ला में महावीर मंदिर के पास एक चापाकल, कुलदीप ठाकुर के घर के पास एक चापाकल,आंगनबाड़ी केंद्र के पास दो चापाकल,पीपल नदी के पास एक चापाकल, पीपल नदी के किनारे आंगनबाड़ी केंद्र के पास एक चापाकल,राय मोहल्ला मे कल्लू खलीफा के घर के पास एक चापाकल, रोशन ठाकुर के घर के पास दो चापाकल, संदीप ठाकुर के घर के पास एक चापाकल, चंद्र देव ठाकुर के घर के पास एक चापाकल, ठाकुर मोहल्ला के भुइया टोली मे मंडप के सामने एक चापाकल,भुइया टोली स्कूल के पास एक चापाकल, तारा देवी के घर के पास एक चापाकल, संतोष हर घर के पास एक चापाकल,मुस्लिम मोहल्ला में मो जिलानी के घर के पास एक चापाकल,राणा मोहल्ला में राजू राणा के घर के पास एक चापाकल, अंसारी मोहल्ला में निजाम मियां के घर के पास एक चप्पल,मस्जिद टोला में लाल देव पासवान के घर के पास एक चापाकल, पंचायत भवन के पीछे तुलसी राणा के घर के पास एक चापाकल, रंजीत ठाकुर के घर के पास एक खराब पड़े चापाकल को मरम्मत कराया गया।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

# अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिए टीबी के 70 नए मरीजों को पहले चरण का पोषण किट प्रदान किया

## अदाणी फॉउंडेशन ने स्थापित किया एक नया और बड़ा मापदंड : डॉ बीएन प्रसाद

**अपेम लाइवः बडकागॉव**







बड़कागांव : गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने इस बार 70 नए टीबी मरीजों को गोद लिया है। इससे पहले गोद लिए गए 60 टीबी के अधिकतर मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को अदाणी फॉउंडेशन ने 'प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना'के तहत इन मरीजों के बीच पोषक आहार किट का वितरण किया। इस अवसर पर बड़कागांव के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीएन प्रसाद ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन ने एक बड़ा मापदंड स्थापित किया है। ऐसी बहुत कम कंपनियां हैं जो दूसरे चरण में भी टीबी मरीजों को गोद लेती हैं। इसलिए अदाणी फॉउंडेशन की यह पहल बहुत सराहनीय है।मौके पर जिला टीबी कार्यक्रम समन्वयक टीपू सुल्तान ने कहा कि इस नेक पहल के लिए अदाणी फॉउंडेशन का जितना भी आभार व्यक्त किया जाए वो कम होगा। उन्होंने कहा कि अदाणी फ०उंडेशन हजारीबाग जिले का ऐसा पहला कॉर्पोरेट घराना है, जिसने पिछले साल भी टीबी के 60 मरीजों को छह महीनों तक पोषण किट प्रदान किया था और इस बार भी इसे कायम रखा है। उन्होंने कहा कि इस बार पोषण किट के आहारों की गुणवत्ता और मात्रा भी बढ़ाई गयी है, जो स्वागत योग्य है।कार्यक्रम में जिला टीबी अधिकारी डॉक्टर आरके जायसवाल ने मरीजों से कहा कि दवा के अतिरिक्त जो पोषण आहार उन्हें मिल रहे हैं उनका नियमित रूप से सेवन किया जाना चाहिए ताकि जल्द से जल्द टीबी को ठीक किया जा सके। उन्होंने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन के इस प्रयास से टीबी के मरीजों की संख्या में कमी आएगी। टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है। इसका समय पर उपचार करवा लिया जाए तो इससे हमेशा के लिए इससे छुटकारा मिल सकता है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी शपथ ली। सबने एक स्वर में कहा कि अपने मोहल्ले, गांव और शहर को टीबी मुक्त बनाना है। 'प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना' के तहत बांटे गए इस किट में एक-एक किलो हॉर्लिक्स, च्वयनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरा मूंग और सरसो तेल जैसी आहार सामग्रियां शामिल थीं। ये सभी मरीज बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गावों के हैं, जिन्हें अदाणी फ०उंडेशन ने गोद लिया है। इस मौके पर गोन्दलपुरा खनन परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दुबे, उपमहाप्रबंधक संजय कुमार, वरीय प्रबंधक भीखम सिंह, सीएसआर प्रबंधक मोहित गुप्ता और शरद मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# विष्णुगढ़ में डॉ लक्ष्मी मेमोरियल हॉस्पिटल का किया गया उद्घाटन

## सेवाभाव से अल्प शुल्क पर मरीजों का किया जाएगा इलाज : डॉ प्रदीप सिन्हा

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**



विष्णुगढ़ के हॉस्पिटल चौक स्थित लक्ष्मी-सुमित्रा कॉम्प्लेक्स में डॉ लक्ष्मी मेमोरियल हॉस्पिटल का उद्घाटन किया गया। हॉ. स्पिटल परिसर में विधि-विधान से पूजा अर्चना के बाद कुर्जी हॉली फैमिली हॉस्पिटल, पटना के एक्स-कंसल्टेंट डॉ प्रदीप सिन्हा ने फीता काटकर इसकी शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में सेवाभाव से मरीजों का इलाज अल्प शुल्क पर किया जाएगा। अस्पताल परिसर में ही मरीजों के लिए सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध होगी। संचालक भैया आकाश तथा कुमार प्रवीण ने कहा कि इस अस्पताल के खुलने से आसपास क्षेत्र के रोगियों को काफी सुविधा होगी। अस्पताल में स्त्री एवं प्रसूति रोग, शिशु रोग समेत अन्य सभी प्रकार के मरीजों की चिकित्सा योग्य, अनुभवी एवं कुशल चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा। अस्पताल में पर्याप्त संख्या में बेड एवं पर्सनल केबिन की भी सु. विधा है। सभी प्रकार की दवाएं भी उचित मूल्य पर उपलब्ध है। उद्घाटन के मौके पर भैया अखिल, बालगोविंद बरनवाल, यशवंत मिश्रा, डॉ विवेक भास्कर, दिनेश सिंह राठौर, कुंवर मनोज सिंह, लक्ष्मण रवि, मनोरंजन सहाय, मुकेश सिन्हा, संतोष, राजेश, अशोक रंजन, जेपी चौधरी, सुनील अकेला समेत कई लोग मौजूद थे।

# अनुदान पर मिल रहे धान बीज का किसान लाभ ले : जीप सदस्या

**अपेम लाइव : लातेहार**



बालूमाथ/लातेहार : बालूमाथ ब्लॉक परिसर में मंगलवार को बालूमाथ लैंपस लिमिटेड कार्यालय में बालूमाथ लैम्पस अध्यक्ष जीतू उरांव के अध्यक्षता मंक धान बीज वितरण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन फीता काट बालूमाथ जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी ,बालूमाथ बीडीओ राजश्री बखला, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ,एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार ,आरजेडी प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव ,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जुबैर , के द्वारा सम्मिलित रूप से किया गया। इस बिज वितरण केन्द्र में धान पर 50 परसेंट सब्सिडी दिया जा रहा है ।जिस से हजारों लाखों किसानों को लाभ मिलेगा ।इस अवसर पर जीप सदस्या प्रियंका कुमारी ने कहा कि बालूमाथ प्रखंड के सभी किसान इस बीज वितरण केन्द्र से सब्सिडी में धान ले कर सरकार के योजना का लाभ ले। मौके पर सचिव अशोक कुमार ,बीटीएम परमानंद ,कृषक मित्र बीरबल प्रजापति ,सुरेश उरांव, उमेश प्रजापति, सैनुल अंसारी , राजेश उरांव, सुरेश गंझू, परमेश्वर महतो ,रंगलाल यादव ,प्रयाग साव समेत दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# परहाटोली पंचायत में झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान

**अपेम लाइव : लातेहार**



महुआडांड/लातेहार : झामुमो सदस्यता प्रभारी सह केन्द्रीय सदस्य सह जिला 20 सूत्री सदस्य मुस्तकीम के नेतृत्व में झामुमो कार्यकर्ता मेंहदी हसन द्वारा परहाटोली पंचायत में शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान भारी संख्या में लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए मेंहदी हसन ने कहा कि दो लाख पचास हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य लेकर प्रखंड भर में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में आज अनेको समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। कृषि लोन माफ कर किसानो को आगे बढ़ने का मौका दिया जा रहा है। बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने के लिए कई कार्यक्रम चलाये जा रहें है।

# स्वास्थ्य विभाग के 2 हेल्थ वेलनेस सेंटर केंद्रों ने बढाया जिले का मान

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : स्वास्थ्य विभाग के दो हेल्थ वेलनेस सेंटर केंद्रों ने जिले का मान को बढ़ाई है।बेहतर गुणवत्ता युक्त स्वस्थय सेवा प्रदान को लेकर सदर मुख्यालय के पोचरा व चंदवा सीएचसी अंतर्गत संचालित रूद्र हेल्थ वेलनेस सेंटर ने लातेहार स्वास्थ्य विभाग का गौरव बढ़ाया है।दोनों ही हेल्थ वेलनेस सेंटर नेशनल क्वालिटी ऐसुरेनश स्टेंडर्ड में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। प्रोग्राम लक्ष्य के तहत राज्यस्तरीय कार्यक्रम में सीएचसी चंदवा और डीएच लातेहार पूर्व में ही हो चुके है, सटिस्फाइटेड लक्ष्य कार्य से सम्मानित होने पर स्वास्थ्य विभाग में अपार खुशी देखा जा रहा है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का एक मात्र उद्देश्य है,सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य सुविधाओं को आमजनों को बेहतर ढंग से उपलब्ध करना ताकि मरीजों को अच्छी स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया जा सके। चयनित हेल्थ वेलनेस सेंटरों का प्रत्येक छः माह पर जांच सेंट्रल टीम एवं राज्यस्तरीय टीम द्वारा किया जायेगा ,सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य सुविधाओं को निरंतर गुणवत्ता पूर्ण बनाये रखना ही एक मात्र उद्देश्य है।

# निर्माणाधीन पीएम आवास पूरा नहीं करने पर होगी पैसे रिकवरी के साथ कानूनी कार्रवाई : प्रखंड समन्वयक

**अपेम लाइवः बडकागॉव**



सभी को पक्का मकान मुहैया कराने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा बेघर एवं कच्चे मकान में रहने वाले लोगों को प्रधानमंत्री आवास दी जाती है, लेकिन कुछ लाभुकों के द्वारा पैसे निकालकर आवास निर्माण कार्य को पूरा नहीं किया जाता है, निकासी पैसे को अनावश्यक रूप से खर्च कर दिया जाता है। जिसे लेकर बड़कागांव प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखंड समन्वयक रिंकू रवि ने निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। मौके पर निर्माणाधीन आवास के लाभुकों को जल्द से जल्द आवास पूर्ण करने का आदेश दिया। मामले को लेकर रिंकू रवि ने कहा कि पूरे प्रखंड में 130 प्रधानमंत्री आवास लंबित है जिसे 30 जून तक कार्य को पूर्ण करना आवश्यक है अगर लाभुक 30 जून तक कार्य को पूर्ण नहीं करते हैं तो पैस रिकवरी के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। इसलिए लाभुक जल्द से जल्द कार्य को पूर्ण करें। आगे रिंकू रवि ने पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा लाभुकों को अपूर्ण आवास को जल्द से जल्द पूरा करवाने के लिए प्रेरित करने की बात कही।

APEM LIVE